मेरा भारत

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0/रासेयो/2025/ 19184-19129                                                    दिनांकः–20.11.2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/कार्यक्रम अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–टीबी मुक्त भारत अभियान 3.0 के कार्यान्वयन हेतु कार्य योजना संबंधी।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के पत्र संख्या स0 32–55/रा0से0यो0/क्षेनि/लख/2025–26/9475–9549, दिनांक 20 नवम्बर, 2025, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। कि टीबी मुक्त भारत अभियान 3.0 के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान (TFYC 3.0) में रा0से0यो0 स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी एवं छात्र–छात्राओं के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। उक्त पत्र में तम्बाकू के उपयोग (13–15 वर्ष के 8.4% छात्रों द्वारा), व्यापक शारीरिक निष्क्रियता (80.8% छात्र 60 मिनट की गतिविधि नहीं करते) तथा छात्रों के बीच मानसिक तनाव, नींद की कमी (74.1%) और अकेलेपन/आत्मघाती विचारों (लगभग 11%) जैसे चिंताजनक निष्कर्षों को रेखांकित किया गया है।

अतः उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की रा0से0यो0 ईकाईयों के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान के लक्ष्यों के अनुसार संलग्न DO लेटर के पैरा 8–10 में बताई गई गतिविधियाँ के अनुरूप निर्धारित कार्य योजना पर कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त कार्यक्रम की आख्या/रिपोर्ट (फोटो ग्राफ्स एवं पेपर कंटिग सहित) इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर भेजना सुनिश्चित करें। तथा कार्यक्रमों का My bharat Portal पर अनिवार्य रूप से Event Create करने की कृपा करें।

**संलग्नकः उक्तवत्**

भवदीय

/

प्रो0 सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1 सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ। 226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0 उच्च शिक्षा विभाग कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ। 226001
3. कुलसचिव के संज्ञानार्थ।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. वेबसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना